हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार,1 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 20.5 डिग्री

9 शहर में नशे के खिलाफ निकाली साइकिल रैली



10 पुल निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए बैठक, दस को बनीपुर चौक पर महापंचायत का निर्णय



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों को कई बार बातचीत के लिए बुलाया गया, परंतु उनमें समझौता नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने 28 अगस्त को आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने लाधुवास निवासी नीरज को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक पकड़ा

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। असाही फ्लाईओवर के पास 14 अगस्त को हुए हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के रसूलपुर निवासी मनोज को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने जाटूसाना गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर 29 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में जाटूसाना निवासी आनंद और प्रविंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों को छोड़ दिया गया।

### सांसद दीपेंद्र हुड्डा आज रेवाड़ी में

**रेवाड़ी।** रोहतक से सांसद दीपेंद्र हुड्डा 1 सितंबर को रेवाड़ी आएंगे। वह कोनसीवास रोड पर नवनियुक्त जिला प्रधान सुभाष छावड़ी के विजय नगर कोनसीवास रोड स्थित कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गुफ्तगू करेंगे। पूर्व विधायक चिरंजीव राव व पार्टी के दूसरे नेता और कार्यकर्ता इस मौके पर मौजूद रहेंगे। दीपेंद्र जिले में संगठन को मजबूत बनाने के लिए नवनियुक्त जिला प्रधान से चर्चा करेंगे। दीपेंद्र व चिरंजीव राव पत्रकारों से भी बातचीत करेंगे।

### दहेज उत्पीड़न मामले मां-बेटा गिरफ्तार

**कोसली।** गत 1 अगस्त को दर्ज किए गए दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए आपसी समझौता कराने के प्रयास किए थे। सहमति नहीं बनने के कारण पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने चरखी दादरी के गांव उमरवास निवासी रमेश और उसकी मां तारावती को गिरफ्तार कर लिया।

### फायरिंग के आरोपी वारंट पर लेंगे

**डहीना।** गत दिनों भठेड़ा गांव में पलवल एसटीएफ के इंस्पेक्टर अनिल छिल्लर पर फायरिंग करने के आरोपियों को थाना खोल पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेने जा रही है। भठेड़ा में फायरिंग के बाद फरार हुए औलांत निवासी नितिन व यशपाल को गुरूग्राम में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। भठेड़ा में फायरिंग के बाद थाना खोल पुलिस ने भी आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इन दोनों आरोपियों को पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेगी।

---

### धारूहेड़ा में 90 से 110 फीट की सड़कों पर आधे कब्जे

# सड़कों पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग से लग रहा लंबा जाम





रेवाड़ी। धारूहेड़ा कस्बे में रात के समय लगा जाम, धारूहेड़ा कस्बे में जाम में फंसे लोग। फोटो :हरिभूमि

- कस्बावासियों ने सरकार से की नेशनल हाइवे नंबर-919 सोहना-पलवल-रेवाड़ी, दिल्ली व नंदरामपुर बास रोड की सड़क को चौड़ा करने व ग्रीन बेल्ट से कब्जे हटाकर जाम से मुक्ति दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/धारूहेड़ा

धारूहेड़ा कस्बे में अवैध कब्जों व अतिक्रमण के कारण सड़कें सिकुड़ कर रह गई है। कस्बे में दिन-प्रतिदिन यातायात व्यवस्था खराब होती जा रही है। सड़कों पर निकलने की जगह नहीं होने के कारण लग रहा वाहनों का जाम लोगों के लिए आफत बन गया है। कस्बावासियों ने सरकार व प्रशासन से नेशनल हाइवे नंबर-919 सोहना-पलवल-रेवाड़ी, दिल्ली व नंदरामपुर बास रोड की सड़क को चौड़ा करने व ग्रीन बेल्ट से कब्जे हटाकर जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को कस्बे के तीनों मार्गो की सड़कों का चौडीकरण करें ताकि लोगों को जाम से जूझना न पड़े।

#### सड़कों पर अवैध रूप से खड़े हो रहे वाहन

दुकानदारों की ओर से कस्बे में अतिक्रमण व अवैध कब्जे से सड़कें सिकुड़ कर रह गई हैं। 90 से 110 फीट चौड़ाई की सड़क, महज 40 फीट चौड़ी रह गई है। भगत सिंह चौक से नगरपालिका कार्यालय तक दुकानदारों व खरीदारी करने वाले ग्राहकों के वाहन भी अवैध रूप से सड़क पर खड़े हो रहे है, जिससे अलवर, भिवाड़ी, सोहना व पलवल जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यहां तक कि किसी आपात स्थिति में इन सड़कों से एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी निकलने के लिए काफी इंतजार करना पड़ा है। भगत सिंह चौक, सोहना रोड व दिल्ली रोड पर भी दुकानदारों ने अवैध कब्जे व अतिक्रमण करके रास्ते को बाधित किया हुआ है।

#### दुकानदारों का नालों पर भी अवैध कब्जा

धारूहेड़ा के बाजार में भी अतिक्रमकारियों का बोलबाला है। दुकानदारों ने सड़कों पर सामान रखकर कब्जा किया हुआ है। दुकानदारों ने सड़क के दोनों और बने नालों पर भी कब्जा कर लिया है। अवैध कब्जे होने के कारण नालों की सफाई तक नहीं हो पा रही है। कस्बे की फिरनी पर भी अवैध कब्जे व अवैध पार्किंग से व्यवस्था बिगड़ रही है। प्रशासन की ओर से कस्बे से अतिक्रमण तक नहीं हटाया जा रहा है। कस्बे में दो पार्किंग है, लेकिन वाहन चालक पैसे बचाने के चक्कर में अपने वाहनों को सड़कों पर खड़ा करके यातायात बाधित कर रहे है।

---

*न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया*

## मोबाइल एप से 1.89 लाख की ठगी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी की बैंक पासबुक और संबंधित खाते से लिंक पैनकार्ड भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गत वर्ष नवंबर माह में मोबाइल फोन में एप डाउनलोड कराने के बाद 1.89 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।मूल रूप से जयपुर के शास्त्री नगर निवासी रोहित वर्मा ने गत वर्ष 13 नवंबर को पुलिस शिकायत में बताया था कि वह धारूहेड़ा एक सोसायटी में किराए के मकान में रह रहा है। उसने अपना टीवी रिचार्ज करने के लिए गूगल पर कस्टमर स्पोर्ट नंबर निकाला था। उस नंबर पर कॉल करने के बाद उससे एक एप डाउनलोड कराया गया। एप डाउनलोड करते ही मोबाइल फोन का एक्सेस फोन रिसीव करने के वाले के हाथों में चला गया। उसके खाते से पहले फोन-पे से 95000 रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर किए गए। इसके बाद डेबिट कार्ड से दूसरे खाते में 49000 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। 12 नंवबर से 13 नंवबर की सुबह तक उसके 1.89 लाख रुपये उड़ा दिए गए। उसने पहले डायल-1930 पर कॉल की। इसके बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

#### आरोपी के खाते में गए थे 75 हजार

*इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद एमपी के जिला नरसिंहपुर के गांव नवलगांव निवासी संजय उर्फ संजू को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते में 75 हजार रुपये ट्रांसफर किए थे। पुलिस ने आरोपी की बैंक पासबुक और संबंधित खाते से लिंक पैनकार्ड भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।*



रेवाड़ी। शिक्षक से बच्चे की प्रगति रिपोर्ट लेते अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक सभा का आयोजन

**रेवाड़ी।** रविवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माता-पिता ने शिक्षकों से अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षिक और व्यक्तिगत प्रगति को लेकर चर्चा की और शिक्षकों के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। माता-पिता और शिक्षकों ने आपसी सहयोग और संवाद के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जॉय बैनर्जी ने कहा कि स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्कूल का उद्देश्य है कि छात्र-छात्राएं न केवल शैक्षिक रूप से उत्कृष्ट हों, बल्कि उनका व्यक्तिगत विकास भी हो सकें।

---

### फ्लैट खरीददारों में यूनीटेक प्रोजेक्ट के खिलाफ रोष, सुप्रीम कोर्ट में जाने का निर्णय



रेवाड़ी। रेजांगला पार्क में मौजूद शहर के नागरिक। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** रविवार को रेजांगला पार्क में शहर के सेक्टर-15 के यूनिहोम और आनंदा प्रोजेक्ट के खरीददारों की आम सभा आयोजित हुई, जिसमे यूनीटेक खरीददारों से अपने अलॉटमेंट की कापी कमेटी के पास जमा कराने की अपील की गई। लोगों का आरोप है कि वर्ष 2010 में लगभग 300 परिवारों ने अपनी मेहनत की कमाई से फ्लैट व प्लॉट बुक कराए थे। 15 साल बीत जाने के बाद भी रेवाड़ी यूनीटेक कंपनी ने अभी तक काम भी शुरू नहीं किया है। यूनीटेक ने रेवाड़ी प्रोजेक्ट को छोड़कर पूरे भारत में अपने प्रोजेक्ट शुरू कर दिए गए है। अब खरीददारों को यूनीटेक ऑफिस गुरुग्राम से जानकारी मिली कि अभी तक हरियाणा सरकार ने यूनीटेक प्रोजेक्ट का लाइसेंस ही रीन्यू नहीं किया है, जिसको लेकर रविवार को सभी खरीददारों ने अनौपचारिक रूप से एक कमेटी का गठन करके सुप्रीम कोर्ट में जाने का निर्णय लिया गया ताकि लाइसेंस रीन्यू होकर बुक किए गए फ्लैट व प्लॉट मिल सकें। सभा में एडवोकेट रणबीर यादव, संदीप गुप्ता, अजय यादव, ओपी यादव, नरेश प्रधान, रामावतार,पवन, दिनेश, हरीश चौहान, साहिल चौधरी, सतीश कुमार, अजीत, विजय, जसवंत सिंह व प्रधान देशराज यादव सहित सभी खरीददार मौजूद थे।

---

*लोगों को मिली राहत*

## घरों के ऊपर से गुजर रही एचटी बिजली लाइन हो रही शिफ्ट

- कस्बा वासियों ने एचटी लाइन हटवाने के लिए बिजली मंत्री अनिल विज का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में एचटी बिजली लाइन को शिफ्ट करने का कार्य करते कर्मचारी।

बिजली निगम की ओर से धारूहेड़ा कस्बे में घरों के ऊपर से जा रही हाइटेंशन बिजली की लाइन हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया। कस्बा वासियों ने एचटी लाइन हटवाने के लिए बिजली मंत्री अनिल विज का आभार जताया है। दक्षिणी हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम की ओर से रविवार को हाइटेंशन बिजली लाइन हटाने का कार्य किया। कस्बे में घरों के ऊपर से गुजर रही एचटी बिजली लाइन को हटाने के लिए कस्बावासी पिछले पांच सालों से सरकार व प्रशासन से पत्राचार करके मांग कर रहे थे। बिजली मंत्री अनिल विज ने डीएचबीवीएन को जनवरी माह में बिजली लाइन हटाने के निर्देश दिए थ, जिसके बाद बिजली निगम ने फरवरी माह में दीप इलेक्ट्रिक पटौदी को बिजली लाइन हटाने के लिए ठेका दिया था, लेकिन ठेकेदार की ओर से कार्य को सात माह से लटकाया हुआ था। अब नव नियुक्त एसडीओ कृष्ण कुमार की ओर से ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए जाने के बाद दो दिन से बिजली लाइन को हटाने का कार्य किया जा रहा है।

#### एसडीओं ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया

एसडीओं ने मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया और एचटी बिजली लाइन को सरकलर रोड बाजार में शिफ्ट कराया है। नगरपालिका चेयरमैन कंवर सिंह ने बताया कि ये बिजली लाइन वर्ष 1960 में डाली गई थी, जिसको शिफ्ट कराने के लिए बिजली मंत्री से मुलाकात की थी। बिजली मंत्री की ओर से जनहित में संज्ञान लेने के बाद बिजली लाइन को शिफ्ट किया जा रहा है।

---

## गणपति उत्सव में गरबा डांस की धूम, महिलाओं ने जमकर खेला डांडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी







रेवाड़ी। टीपी स्कीम में डांडिया खेलते हुए महिलाएं,टीपी स्कीम में गणपति की आरती करते हुए पुजारी, मोहल्ला स्वामीवाड़ा में गणेश जी की पूजा करते अतिथि।

शहर में अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की ओर से पांच दिन से गणेश उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। गणपति उत्सव के सजे पांडालों में कलाकार प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ झांकियों का मचन कर रहे है। गणेश उत्सव आयोजन समितियों की ओर से 6 सिंतबर को अनंत चतुर्दशी के पर्व पर गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। शनिवार रात्रि टीपी स्कीम-9 के कॉम्प्लेक्स में मनाए जा रहे गणेश उत्सव में डांडिया का कार्यक्रम रखा गया। गरबा डांस में सैकड़ों की संख्या ने महिलाओं ने भाग लिया। इसके अलावा शहर के सेक्टर-3 स्थित श्री कृष्ण मंदिर में युवा मंडल की ओर से मनमोहक झांकियों का मंचन किया गया। टीपी स्कीम-9 में चल रहे गणेशोत्सव की डांडिया नाइट में महिलाओं और युवतियों ने जमकर धमाल किया। रंग बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने विभिन्न फिल्मी गीतों की धुन पर जमकर नृत्य किया। समिति के मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संचालक गोपाल शर्मा ने बताया कि डांडिया नाइट पूरी तरह महिलाओं के नाम रही। विशिष्ट अतिथि मनोज बंसल, संकट मोचन मंदिर के पुजारी पवन वत्स एवं पवन सचदेवा ने गणपति दरबार में हाजिरी लगाई। उत्सव में ढोली तारो ढोल बाजे, रंगीला तारा, हे शुभारंभ हो शुभारंभ मंगल बेला आई, आजा नच ले, ओम शांति ओम, सोणा-सोणा दिल मेरा सोणा, काल्यो कूद पड्यो मेला में सहित अनेक गीतों की धुन पर हुए नृत्य ने सभी को मंत्रमुगध किया। पंडित संतोष कुमार के मंत्रोच्चार व गणपति वंदना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मोहल्ला स्वामीवाड़ा में बाल युवा गणेश मंडल की ओर से 13वां गणेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को विशाल भंडारे व भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन कर आयोजन का समापन किया गया। मुख्य अतिथि पहुंचे नगर पार्षद मनीष गुप्ता व समाजसेवी राहुल यादव ने आरती करके लाल बाग के राजा को भोग लगाया।

#### ये मौजूद रहे

इस मौके पर किशन यादव, लोकेश यादव, महेंद्र सिंह सैन, मनीष शर्मा, विक्की वर्मा, मनीष पांडेय, पवन वर्मा, रमेश वर्मा, मनीष गुप्ता शेरा, राहुल, विष्णु, रोहित व ऋतिक सहित काफी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद थे।

---



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में दो आरोपी।

- उनके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया गया

### कार का शीशा तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन में एक प्राइवेट अस्पताल के बाहर खड़ी कंपनी कर्मचारी की कार का शीशा तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। गत 30 अगस्त को मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में आशियाकी गौरावास निवासी जयप्रकाश ने बताया था कि वह अपनी बेटी के इलाज के लिए शनिवार को शिव चौक के पास एक अस्पताल में कार लेकर आया था। उसके साथ कंपनी में काम करने वाला उसका दोस्त जितेंद्र भी आया था। कार अस्पताल के बाहर खड़ी करने के बाद दोनों अंदर चले गए। करीब एक घंटे बाद जब वह अस्पताल से बाहर आए तो कार का दाहिनी ओर का पीछे का शीशा टूटा हुआ था। उसके और जितेंद्र दोनों के बैग गायब थे। बैग में दोनों के लैपटॉप, थिंकपैड, आईफोन, ईयर बर्ड, पांच सौ रुपये, क्रेडिट कार्ड व अन्य सामान था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भवाड़ी निवासी पंकज और पीथनवास की ढाणी निवासी देवीलाल को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

---

### आज हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना, मौसम जल्द साफ होने का आसार नहीं

# आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी, पारा 2.7 डिग्री तक गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पूरा अगस्त माह बीत जाने के बाद भी मौसम पूरी तरह साफ नहीं हुआ है। कभी आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी और बारिश होती है, तो कभी आसमान साफ होने के बाद धूप निकलते ही उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करने लगती है। बार-बार बारिश और बूंदाबांदी से फसलों को भारी नुकसान होना शुरू हो गया है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम साफ होने की कोई संभावना नहीं है। रविवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। कुछ इलाकों में बौछारें गिरीं। दोपहर तक आसमान एक बार साफ हो गया। अधिकतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 31.8 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 1.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 20.5 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 85 फीसदी रहा, जबकि 11 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। दोपहर के समय तेज धूप के कारण हवा में नमी ने उमस बना दी, जिससे शाम तक लोगों के पसीने छूटते रहे। कूलरों की हवा भी उमस के कारण बेअसर साबित होने लगी। बादल और बरसात के बावजूद दिन के समय उमस भरी गर्मी कम नहीं हो रही है। रात के समय तापमान कम रहने से गर्मी से कुछ हद तक राहत जरूर मिल जाती है। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई के पहले सप्ताह में मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। 1 सितंबर को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। तापमान में इस दौरान उतार-चढ़ाव बना रहेगा। रविवार को शाम के समय बादल गहराने से एक बार फिर बारिश के आसार नजर आने लगे थे।

#### उसम भरी गर्मी का असर बरकरार



रेवाड़ी। एक खेत में जमीन पर गिरी बाजरे की फसल। फोटो :हरिभूमि

#### फसलों को ज्यादा नुकसान की आशंका


*बार-बार हो रही बारिश ने इस बार खरीफ फसलों पर संकट खड़ा कर दिया है। बाजरे की फसल कटकर तैयार हो चुकी है। कुछ किसान फसल कटाई भी कर चुके हैं। बारिश के कारण बाजरे की फसल को नुकसान होना शुरू हो गया है। पकी हुई फसल के दाने बारिश से खराब हो रहे हैं। पौधों का रंग भी काला पड़ना शुरू हो गया है, जिससे पशुचारे का संकट भी आने वाले समय में खड़ा हो सकता है। कपास की फसल को भी नुकसान की आशंका बनी हुई है, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है।*

*शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें।*

**- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन**



*वह मन ही मन पछताने लगा, 'काश उसने मास्टर प्रीतम पाल की डांट और मार खा ली होती, तो वे उसे इतना योग्य ज़रूर बना देते कि उसे गणित को लेकर जीवन में मार नहीं खानी पड़ती।' अपने गणित अध्यापक के खिलाफ किए गए षड़यंत्र को याद कर उसकी आंखें भर आईं। उसे लगा कि यह उन्हीं का श्राप है, जिसने आज उन्हें इस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है। उसका मन हुआ कि वह अपने गुरु प्रीतम पाल के पास जाकर उनके पैरों में गिर जाए और माफ़ी मांगे।*





कहानी

मधुकांत

# बहुत याद आए मास्टर प्रीतम पाल

अचानक रंजन को प्रिंसिपल के कमरे में बुलाया गया। वहां अपने चाचा को बैठा देख वह चौंक गया। किसी ने कुछ नहीं बताया, बस चाचा उसे अपने साथ घर ले आए। वह हैरान-परेशान था कि कोई उसे कुछ बता क्यों नहीं रहा। घर पहुंचने पर उसे पता चला कि उसके पिता गुलाब राय का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। एक पल में सब कुछ बिखर गया। मां उससे लिपटकर रोने लगीं। अब शोरूम कैसे चलेगा? यह सवाल सामने था।

रंजन का स्कूल जाना मुमकिन नहीं था, इसलिए उसने पढ़ाई छोड़कर दुकान पर जाना शुरू कर दिया। वह मुनीम जी और कारीगर के साथ मिलकर काम करने लगा, पर गणित में कमजोर होने के कारण वह हिसाब-किताब नहीं समझ पाता था। मुनीम बहुत चालाक था। वह रंजन के सभी काम करता और धीरे-धीरे उसे शराब पीने की आदत भी डाल दी। गांव के लोग पापा पर बहुत भरोसा करते थे। वे अपनी फसल बेचकर सारी रकम उनके पास जमा कर जाते, ताकि शादी-ब्याह में गहने और कपड़े आसानी से खरीद सकें। रंजन ने इस बात पर कभी ध्यान नहीं दिया और न ही मुनीम ने उसे समझने दिया। वह आधी-अधूरी बैलेंस शीट देखकर खुश हो जाता, क्योंकि देनदारी वाला पक्ष उसे कभी दिखाया ही नहीं गया था। गणित से पैदाइशी नफरत होने के कारण वह कभी हिसाब देखता ही नहीं था, जो मुनीम बताता, वही सच मान लेता। शोरूम बनाते समय पापा ने बैंक से 50 लाख का लोन लिया था। पापा के जाने के बाद उसकी कोई किस्त जमा नहीं हुई। जब बैंक का कोर्ट नोटिस आया, तो घर में हड़कंप मच गया। दुकान में माल कम था, बाज़ार की देनदारी अलग और ऊपर से बैंक का नोटिस। रंजन पूरी रात मां के साथ चिंता में डूबा रहा। मुनीम और कारीगर भी कई दिनों से दुकान पर नहीं आ रहे थे। उसे पछतावा हुआ, 'काश उसने शुरू से हिसाब देखना शुरू कर दिया होता।' लेकिन देखता कैसे, उसे तो हिसाब का 'जमा घटा' भी नहीं आता था।

वह मन ही मन पछताने लगा, 'काश उसने मास्टर प्रीतम पाल जी की डांट और मार खा ली होती, तो वे उसे इतना योग्य ज़रूर बना देते कि उसे गणित को लेकर जीवन में मार नहीं खानी पड़ती।' अपने गणित अध्यापक के खिलाफ किए गए षड्यंत्र को याद कर उसकी आंखें भर आईं। उसे लगा कि यह उन्हीं का श्राप है, जिसने आज उन्हें इस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है। उसका मन हुआ कि वह अपने गुरु प्रीतम पाल के पास जाकर उनके पैरों में गिर जाए और माफ़ी मांगे। पूरी रात वह रोता हुआ पश्चाताप की आग में जलता रहा। उसे अच्छी तरह याद है, जब उसके पापा गांव से शहर में आकर कारोबार बढ़ाने लगे थे। पापा की गांव में बहुत इज्जत थी। वे गहने बनवाने के लिए शहर के अपने भरोसेमंद कारीगर राजू के पास जाते थे। राजू एक बंगाली कारीगर था। दोनों साथ बैठकर बातें करते, खाना खाते और सुख-दुःख बांटते । गांव जाने के झंझट से बचने के लिए रिश्तेदारों ने भी पापा से राजू की दुकान पर मिलना शुरू कर दिया। पापा ने सोने-चांदी के छोटे आइटम वहीं रखने शुरू कर दिए, और उनकी बिक्री भी वहीं होने लगी। एक दिन दोनों ने साझेदारी में काम करने का फैसला किया। पापा का पैसा और इज्जत, और राजू की कारीगरी मिलकर काम चल निकला। धीरे-धीरे वह राजू की दुकान नहीं, बल्कि गुलाब राय सराफ की दुकान बन गई। काम इतना बढ़ गया कि पापा कई-कई दिन गांव में नहीं जा पाते। यह देखते हुए उन्होंने शहर में किराए का मकान ले लिया और रंजन का दाखिला भी शहर के स्कूल में करवा दिया। कुछ समय बाद पापा ने गांव की ज़मीन बेचकर शहर में एक मकान खरीद लिया। पापा के साथ काम करने वाले राजू कारीगर को शराब की लत थी, और वह अपनी कमाई इसी में बर्बाद कर देता था। पापा के समझाने पर भी वह नहीं मानता था। धीरे-धीरे दोनों के बीच छोटी-छोटी बातों पर मतभेद होने लगे। खरीदे हुए मकान को तोड़कर पापा ने उसका नया निर्माण करवाया। पहली मंजिल में शोरूम और दूसरी मंजिल में रहने के लिए घर बनाया गया।

हमारी छोटी सी दुकान अब गुलाब राय एंड संस के शोरूम में बदल गई। राजू कारीगर अपनी पुरानी दुकान पर ही काम करने लगा। उन्हीं दिनों रंजन दसवीं कक्षा में पढ़ता था। वह पढ़ाई में बहुत कमजोर था। बाकी विषयों में तो काम चल जाता, पर गणित की घंटी आते ही उसका सिर दर्द होने लगता। गणित के अध्यापक थे प्रीतम पाल। वे अपने विषय के प्रति समर्पित थे। उनकी कक्षा में कोई छात्र अनुपस्थित नहीं होता था। वे कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देते थे। वे ज्यादा सज़ा नहीं देते थे, फिर भी हर छात्र उनसे डरता था। इसलिए छात्रों ने उनका नाम मास्टर पीटर पाल रख दिया था। प्रीतम पाल रोज़ होमवर्क चेक करते। जो छात्र एक दिन काम नहीं कर पाता, उसे अगले दिन दो दिन का काम करना पड़ता।

कई बार छात्र दूसरे विषयों की घंटियों में भी उनका होमवर्क करते रहते थे। वे घर पर ट्यूशन नहीं पढ़ाते थे। परीक्षा के पास स्कूल में ही बिना फीस के एक्स्ट्रा क्लास लगाते इसलिए सभी अभिभावक उनका बहुत आदर करते थे। मास्टर पीटर पाल नकल के सख्त दुश्मन थे। जिस कमरे में उनकी ड्यूटी लगती, छात्र माथा पीट लेते। कोई भी छात्र नकल करते पकड़ा जाता, तो वे उसका उत्तर काट देते थे, साथ ही उसे भी सज़ा देते थे जिसने नकल करवाई । वे हर छात्र को जानते थे। किसी कमजोर छात्र के अधिक अंक आते तो वे उसे ब्लैकबोर्ड पर सवाल हल करने को कहते। यदि वह हल नहीं कर पाता, तो स्पष्ट हो जाता कि उसने नकल की है और वे उस उत्तर को काट देते थे। इसलिए घरेलू परीक्षाओं में उनके विषय का परिणाम बहुत कम आता, लेकिन बोर्ड परीक्षा में उनका परिणाम हमेशा सबसे अच्छा रहता था। रंजन रोज़ किसी न किसी बात पर उनकी पकड़ में आ जाता। या तो होमवर्क न करने पर, यदि वह किसी की कॉपी से होमवर्क टीप भी लेता, तो उसे ब्लैकबोर्ड पर सवाल हल करने को कहा जाता। परीक्षाओं में उसके कम अंक आते तो पापा प्यार से समझाते, 'देख बेटा रंजन, तू हमारा इकलौता लड़का है। अगर तू ठीक से पढ़-लिख नहीं पाएगा, तो इस व्यापार को कैसे संभालेगा?' रंजन कहता, 'आप चिंता न करें, समय आने पर मैं सब संभाल लूँगा। अभी तो मेरी खाने-पीने और खेलने की उम्र है।' पापा समझाते, 'समय का भरोसा नहीं, कब अचानक आ जाए और कब हाथ से निकल जाए। बेटे, एक बात अच्छी तरह समझ ले, जो बच्चा विद्यार्थी जीवन में कठोर परिश्रम कर लेता है, उसका भविष्य सुधर जाता है और जो मौज-मस्ती में रहता है, उसका भविष्य अंधकार में डूब जाता है।' ऐसे कठिन समय में माँ बीच में आकर उसका बचाव कर लेतीं, 'बच्चा है अभी। समय आने पर सब समझ जाएगा।' और वह हँसता-कूदता खेलने निकल जाता।

*तीनों ने एक-दूसरे के साथ हाथ मिलाकर 'ऑपरेशन पीटर पाल' की योजना बनाई। प्रीतम पाल अपने अनुशासन और सख्ती के लिए जाने जाते थे। एक दिन जॉनी ने जानबूझकर होमवर्क नहीं किया। जब मास्टर पीटर पाल ने उसकी कमर पर हाथ से ज़ोर का थप्पड़ लगाया, तो वह बेहोश होकर बेंचों के बीच गिर गया। यह देखकर प्रीतम पाल भी घबरा गए। आसपास की कक्षाओं के अध्यापक भी वहां आ गए। जब अध्यापक विद्यार्थी को संभालने लगे, तो रंजन और सोनी ने बाहर आकर शोर मचा दिया।*

पापा की बातें उन दिनों अच्छी नहीं लगती थीं। काश उसने उन दिनों पापा की बातों को समझ लिया होता। प्रीतम पाल रंजन के पापा को अच्छी तरह जानते थे, इसलिए भी वह उसका विशेष ध्यान रखते थे। वे कहते, 'अरे रंजन, तेरे पापा जी का इतना बड़ा व्यवसाय है। अगर तू गणित नहीं सीख पाया तो अपने कारोबार को कैसे संभालेगा?' अंदर ही अंदर रंजन बुदबुदाता, 'हिसाब तो हमारे मुनीम जी करते हैं। बाकी पैसों का लेन-देन तो मैं कर ही लूँगा', और मास्टर पीटर पाल से पीछा छूटने का इंतजार करता। समान स्वभाव वाले छात्रों में गहरी दोस्ती हो जाती है। रंजन, सोनी, और जॉनी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे थे। गणित में तीनों का अंडा गोल था। तीनों रोज़ भगवान से दुआ करते, 'हे भगवान, मास्टर पीटर पाल को ज्वर चढ़ जाए, उनकी टांग टूट जाए या उनका तबादला हो जाए।' लेकिन भगवान ने उनकी प्रार्थना कभी नहीं सुनी।

"यार, कुछ न कुछ तो करना ही पड़ेगा," सोनी ने कहा।"बात तो ठीक है, रंजन। इस काम को तू ही कर सकता है।"

"सोनी, मैं नहीं कर सकता क्योंकि मास्टर जी मेरे पापा को अच्छी तरह जानते हैं।"

"तो जॉनी, तुम करो। बस एक बार बेहोश होकर कक्षा में गिर जाना। फिर सारे स्कूल में हंगामा हम कर देंगे।"

"ठीक है, मैं ही बकरा बनूँगा, पर कोई गड़बड़ हो तो तुम सब संभाल लेना।"

"तू चिंता मत कर," तीनों ने एक-दूसरे के साथ हाथ मिलाकर 'ऑपरेशन पीटर पाल' की योजना बनाई। प्रीतम पाल अपने अनुशासन और सख्ती के लिए जाने जाते थे। एक दिन जॉनी ने जानबूझकर होमवर्क नहीं किया। जब मास्टर पीटर पाल ने उसकी कमर पर हाथ से ज़ोर का थप्पड़ लगाया, तो वह बेहोश होकर बेंचों के बीच गिर गया। यह देखकर प्रीतम पाल भी घबरा गए। आसपास की कक्षाओं के अध्यापक भी वहां आ गए। जब अध्यापक विद्यार्थी को संभालने लगे, तो रंजन और सोनी ने बाहर आकर शोर मचा दिया, 'मास्टर प्रीतम पाल की पिटाई से जॉनी बेहोश हो गया!' स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। प्रीतम पाल से ईर्ष्या करने वाले अध्यापक और उनसे सताए गए छात्रों ने मिलकर हंगामा कर दिया। कुछ अभिभावक भी स्कूल में घुस आए। प्रिंसिपल के हाथ से व्यवस्था बाहर हो गई, तो उन्होंने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस ने आकर मामला संभाला। जॉनी को अस्पताल भेजा गया और मास्टर प्रीतम पाल को पुलिस की गाड़ी में बिठाकर उनके घर भेज दिया गया।

शिक्षा विभाग में प्रीतम पाल की बड़ी इज्जत थी, इसलिए उन पर कोई खास कार्रवाई तो नहीं हुई, पर सज़ा के रूप में उनका तबादला कर दिया गया। सबसे ज़्यादा खुशी रंजन और उसके दोस्तों को हुई। उसी दिन से वह भूल गया कि उसे गणित की परीक्षा भी देनी है। आज जब सब कुछ बर्बाद हो गया, तब उसे गणित के महत्व का पता चला। अपनी गलतियों को याद करके वह फूट-फूट कर रोने लगा। माँ ने उसके आँसू पोंछे, तो वह फफक पड़ा, "माँ, हमने अपने गणित के अध्यापक प्रीतम पाल के साथ जो दुर्व्यवहार किया था, यह सब उसी का नतीजा है।"

"बेटे, जो समय हाथ से निकल गया, उस पर पछतावा करने से क्या फायदा? तेरे पापा भी तुझे मेहनत करने को कहते थे, तो मैं तुम्हारा गलत साथ देती थी। इसमें मेरा भी दोष है। खैर, बेटा, अब हम दोनों मिलकर मेहनत करेंगे और सब ठीक कर लेंगे।"अगले दिन माँ ने गुलाब राय के एक पुराने मित्र को बुलाया। उन्होंने दुकान के हिसाब की जाँच की और बताया, "भाभी, मुनीम और कारीगर ने मिलकर सब धोखा किया है। बेटे रंजन, फिलहाल मैं अपनी दुकान से एक कारीगर भेज देता हूँ। आखिर काम तो तुम्हें ही संभालना पड़ेगा। अभी तो मैं भी हर महीने आकर हिसाब चेक कर जाऊँगा।"

मां ने दुकान की इज्जत बचाने के लिए अपने सभी गहने निकाल कर दे दिए। दुकान की साख बच गई। रंजन ने एक पुराने ग्रुप फोटो से काटकर अपने गणित अध्यापक प्रीतम पाल का चित्र अपने पूजा घर में रख लिया और उसी दिन से दुकान का सारा हिसाब खुद करने लगा।

---

लघुकथा

डॉ. अंजना गर्ग



## घर का भोज

घुमंतू आज फिर पुराने परिचय की गली में जा पहुँचा। सुमन की मुस्कुराहट अब भी वही थी, पर आँगन की रंगत और आत्मा जैसे फीकी पड़ गई थी।

'अरे घुमंतू भैया! आओ, देखो ज़रा आजकल की मेरी सफाई मुहिम कैसी चल रही है!'

सुमन ने जैसे स्वागत नहीं, एक समय के युगांत का मंजर दिखाया हो। बरामदे में ढेर सारी क्रॉकरी, चीनी मिट्टी के प्लेट, बेल्जियम के गिलास, तांबे की थालियाँ, चुपचाप अंतिम विदाई के इंतज़ार में थीं।

'इतना सब बाहर क्यों रख रखा है?'

घुमंतू ने पूछा तो सुमन की आवाज़ में एक थकी हुई मुस्कान तैर गई।

'अब किसके लिए रखूं? कौन आता है अब घर? जो भी आता है, होटल में ही ले जाते हैं। पहले लोग कहते थे – 'आपके घर जैसा खाना कहीं नहीं मिला', अब मेहमान के आते ही पूछते हैं – 'किस होटल में चलें?' अब घर का भोज बोझ लगता है।'

घुमंतू चुप रहा। भीतर जाकर देखा, पुराने भारी पतीले, देगचियाँ, पूड़ियों के लिए बड़ी कढ़ाही, यहाँ तक कि अचार डालने वाले मटके भी कोने में सिसक रहे थे।

'इनका क्या कर रही हो?'

'दे रही हूँ कामवालियों को। अब ना कोई कथा होती है, ना कीर्तन, ना तीज, ना त्योहार। न कोई बिरादरी का भोज, न रसोई की रौनक। अब हर उत्सव फार्महाउस में, हर रस्म होटल में।'

घुमंतू की आंखों के सामने एक दृश्य तैर गया- चूल्हे पर चढ़ी खीर, पिछवाड़े में सूखते पापड़, और गेट पर खड़ी अम्मा कहती,

'ठहरो बेटा, पहले कुछ खा लो।' अब कोई नहीं कहता।

---

कविता

मनोज कुमार वशिष्ठ



## बचपन

कितना अबोध होता है बचपन
कोमल सा, निर्मल सा
बेरंग पावन जल सा
अबोध सा, अन्जान सा
बचपन होता है निश्छल सा
कितना अबोध होता है बचपन ?

कितना सुन्दर होता है बचपन
जैसे हो पुष्पों का उपवन
व्योमपुंज हो उठता कम्पित
जब करता है ये क्रन्दन
कितना अबोध होता है बचपन ?

बचपन में होती है कितनी मधुरता
जब सावन में वर्षा का पानी बरसता
मन कागज की नाव पर सवार
कल्पित संसार को करता पार
कितना अबोध होता है बचपन ?

कैसा अद्भुत होता है बचपन
ना कपट, ना उलझन
भ्रष्ट राजनीति के जग में नहीं
प्रकृति के साथ खेलता हुआ
कितना अबोध होता है बचपन ?

उस नर-निर्माता के सिंहासन पर
अगर उसकी जगह ईश्वर होता
इस जग में बच्चों की भांति
हर जन को अबोध बना देता
कितना अबोध होता है बचपन ?

कविता

राज ख्यालिया



## भोलेनाथ शरण में आए

भोलेनाथ शरण में आए,
मन की पीड़ा हरने वाले।
त्रिपुरारी, नीलकंठ,भोले
तुम बिन कौन सहारे वाले॥

जटाजूट से बहती गंगा,
शशि मुकुट पर दीप जले।
त्रिनयन में तेज समाया,
हर अंधियारा क्षण में पले॥
स्मरण करूँ मैं नाम तुम्हारा,
हर साँस बने उजियारा॥

डमरू की वो धुन सुहानी,
बजती अंतरमन में मेरे।
भस्म रमाये तन पे जो,
वो सत्य बसे हैं हृदय में मेरे॥
नंदी की गूंज बुलाती,
भोले अब देर न कीजे॥

काल भी डरे जिनके आगे,
मृत्यु भी जिनसे घबराए।
विष पिया, सृष्टि को बचाया,
करुणा का अमृत लुटाए॥
तेरे चरणों में ही जीवन,
तुझ बिन सब शून्य हो जाये ॥

भोलेनाथ शरण में आए,
मन की पीड़ा हरने वाले।
त्रिपुरारी, नीलकंठ भोले
तुम बिन कौन सहारे वाले॥

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

**साहित्यकार राजपाल यादव का कहना है कि लेखकों को राष्ट्रवाद को मज़बूत करने, देश की अस्मिता व गौरव को क़ायम रखने के लिए निर्भीकतापूर्वक कलम चलानी होगी। इसके लिए आपसी ईर्ष्या, जातिवाद और भाई भतीजावाद को छोड़कर कंधे से कंधा मिलाकर देशहित में काम करने की आवश्यकता है। वहीं, युवा पीढ़ी को साहित्य के प्रति प्रेरित करके उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश देना होगा।**

साक्षात्कार

ओ.पी. पाल

# साहित्य सृजन से मातृ भाषा की सच्ची सेवा संभव : राजपाल यादव 'राज'

साहित्य के क्षेत्र में लेखन करने वाले साहित्यकार विभिन्न विधाओं में साहित्य संवर्धन करके समाज, संस्कृति और सभ्यता को जीवंत रखने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे ही रचनाकारों में एक हैं हरियाणा के राजपाल यादव, जिन्होंने सरकारी नौकरी के दौरान दूसरे प्रदेशों में रहते हुए भी अपनी काव्य साधना से देशभर में हरियाणा राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने साहित्य साधना के दौरान हिंदी भाषा के प्रसार-प्रचार के लिए एक अनूठे हिंदी सेवा रचनाकार के रुप में पहचान बनाई है और सेवानिवृत्ति के बाद भी साहित्य सृजन में जुटे हुए हैं। हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में उन्होंने अपने साहित्यक सफर के बारे में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें साहित्य सृजन के माध्यम से मातृभाषा की सच्ची सेवा करना संभव है।

हरियाणा के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार राजपाल यादव का जन्म 19 फरवरी 1960 को रेवाड़ी जिले के नाहड़ खण्ड क्षेत्र के गांव जुड्डी में एक किसान परिवार में प्रभाती देवी तथा पिता रिसाल सिंह के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई साहित्यिक माहौल नहीं था और न ही परिवार में कोई साहित्यिक रुचि वाला सदस्य रहा, लेकिन उनके पिता गांव के सबसे शिक्षित पुरुषों में शामिल थे, जिनके गुण उनमें आना स्वाभाविक था। उनके पिता भारतीय सेना की एजुकेशन कोर में अधिकारी रहे। उनका बचपन गांव में ही बीता और प्रारंभिक शिक्षा गाँव में ही हुई और बाद में वह पिता की पोस्टिंग स्थल नसीराबाद, दिल्ली, झाँसी और जोधपुर भी रहे। इनकी स्कूली शिक्षा नसीराबाद व झाँसी में हुई, फिर उन्होंने उच्च शिक्षा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से हासिल की। जबकि स्नातकोत्तर की डिग्री उदयपुर विश्वविद्यालय राजस्थान प्रथम श्रेणी में हासिल की और कॉलेज/ यूनिवर्सिटी में द्वितीय स्थान पर रहे। बकौल राजपाल यादव राज, उनके साहित्यिक सफ़र की शुरुआत कॉलेज के ज़माने में ही हो गई थी, जब उन्होंने दो कहानियाँ 'बड़ी बहू' और 'मंझली बहू' शीर्षक से लिखी, जो कॉलेज की वार्षिक पत्रिका में प्रकाशित हुई। इससे उनका लेखन के प्रति आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था। सरकारी सेवा में आने के बाद उनके साहित्य सफर में नया मोड़ उस समय आया, जबकि कारगिल युद्ध के दौरान उनकी पोस्टिंग धनबाद (झारखंड) में थी। उन्होंने उस समय ओज की रचनाएँ लिखीं, जो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रमुखता से छपती थीं। उसके बाद ही वर्ष 2001 में उनका प्रथम काव्य संग्रह 'आँच न आने देंगे' प्रकाशित हुआ। धनबाद में सरकारी महारत्न संस्थान कोल इंडिया लि. की अनुसंगी कंपनी भारत कोकिंग कोल लि. के महाप्रबंधक (कार्मिक एवं राजभाषा) के पद पर रहते हुए उन्होंने सरकारी विभागों व कंपनी की सरकारी पत्रिकाओं के संपादन का दायित्व निभाया तथा हिंदी सप्ताह व पखवाड़े से जुड़े कार्यक्रमों का जीवंत संयोजन किया। वहीं उन्होंने सैकड़ों सरकारी हिंदी कार्यशालाओं में व्याख्यान व प्रशिक्षण दिया है। वह कवि सम्मेलनों का संचालन व अध्यक्षता करते हुए अनेक साहित्यिक संस्थाओं से भी जुड़े हैं। वह गद्य और पद्य की सभी विधाओं में लेखन करते आ रहे हैं यानी गीत ग़ज़ल दोहे मुक्तक माहिया छंद हाइकु हास्य-व्यंग्य लघुकथा आदि विधाओं में साहित्य साधना करते आ रहे हैं। उनका वीर रस की रचनाओं पर अधिक फोकस रहता है। वहीं हरियाणवी भाषा में भी उन्होंने कई गीत, दोहे, मुक्तक आदि विधाओं में रचनाएं लिखी हैं और हरियाणा सरकार की साहित्यिक पत्रिका हरिगंधा में उनके दोहे और हरियाणवी रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने हिंदी सचिवालय मारीशस, आबू धाबी दुबई तथा यूएसए में कई बार काव्य पाठ किया और सम्मान हासिल किया। वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार राजपाल यादव 'राज' का आधुनिक युग में साहित्य के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों को लेकर कहना है कि आज साहित्य दोराहे पर खड़ा है, जहाँ एक तरफ़ प्रिंट मीडिया, तो दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया है। वहीं इस इंटरनेट व डिजिटल युग में पत्र-पत्रिकाओं को पढ़ने वाले पाठक कम हो रहे हैं, किंतु साहित्य आज भी सामाजिक जागरूकता पैदा करने कुरीतियां समाप्त करने और निरंकुश होती सत्ता को ललकारने, शोषक का विरोध करने और शोषित को सहारा देने का कार्य कर रहा है।

### प्रकाशित पुस्तकें

वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार राजपाल यादव की प्रकाशित पुस्तकों में प्रमुख रुप से काव्य संग्रह-आँच न आने देंगे, आगत का स्वागत, कविताओं में कोल इंडिया और हम, एक और दस्तक, तथा अभी थका नहीं हूँ मैं शामिल हैं। इसके अलावा उनके 32 साझा काव्य संग्रह भी प्रकाशित हुए हैं। काव्य जगत की प्रथम कॉफ़ी टेबल बुक 'शब्दों के सारथी' एवं एक विश्व हाइकु कोश में भी उनकी सहभागिता रही। हरियाणा साहित्य अकादमी की पत्रिका हरिगंधा सहित अनेक पत्र-पत्रिकाओं में समय-समय पर रचनाएँ प्रकाशित हुई हैं।



राजपाल यादव 'राज'

### पुरस्कार व सम्मान

राजपाल यादव को हिंदी साहित्य शिखर मानद उपाधि सम्मान, भारतेंदु राजभाषा साहित्य शिरोमणि सम्मान, हिंदी साहित्य भूषण सम्मान, राष्ट्र गौरव साहित्य सम्मान, एकलव्यम साहित्य सम्मान, शान-ए-अदब सम्मान, काव्य श्री सम्मान, हिमालयन रत्न सृजन सम्मान, राष्ट्रीय एकलव्यम गौरव सम्मान, हिमालयन भाषा सारथी सम्मान, वात्सल्य गौरव सम्मान, शब्द सारथी सम्मान, देवप्रभा साहित्य सम्मान, संत तुलसीदास साहित्य सम्मान, संत कबीर सम्मान, शंकर दयाल सिंह प्रतिभा सम्मान एवं साहित्य शिल्पी सम्मान से नवाजा जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम :** राजपाल यादव 'राज'
**जन्मतिथि :** 19 फरवरी, 1960
**जन्म स्थान :** गांव जुड्डी, रेवाड़ी (हरियाणा)
**शिक्षा:** स्नाकतोत्तर, एलएलबी
**संप्रति:** लेखक, साहित्यकार, वरिष्ठ कवि एवं सेवानिवृत्त महाप्रबंधक (बीसीसीएल, धनबाद)

---

# 'छोटी सी दुनिया' का दायरा बहुत बड़ा






**पुस्तक : छोटी सी दुनिया**
**लेखक : ज्ञान प्रकाश विवेक**
**मूल्य : 425/-रुपये**
**प्रकाशक : वाणी प्रकाशन, दिल्ली**

पुस्तक समीक्षा

नवरत्न

कुछ किताबें महज़ किताबें ही नहीं होती, वो किताब लगती भर हैं, वो कुछ और होती हैं। जिंदगी या फिर जिंदगी से भी बड़ी..। ज्ञान प्रकाश विवेक के कहानी संग्रह 'छोटी सी दुनिया' में यूं तो बारह कहानियां हैं, लेकिन एक-एक कहानी इतने बड़े स्पेस में कही गई है कि कुछ भी कहते नहीं बनता। यूं कहें कि ये कहानियां बारह दुनियाएं हैं... एक-एक दुनिया.. एकदम जुदा... एक-एक दुनिया एकदम अलहदा। एक और खास बात कि कहानियों का वॉल्यूम बहुत ही डाउन है और बात का वॉल्यूम जितना ही कम होता है, बात उतनी ही गहरे तक जाती है। चीखती, दहाड़ती कहानियों पर तो खूब चीखा दहाड़ा जा सकता है लेकिन यहां तो गहरा मौन और सन्नाटा पसरा पड़ा है। ताज्जुब होता है कि भाषा में मौन को भी कहा जा सकता है। लंबे समय तक एकांत और चुप्पी से ही शायद यह कला विकसित होती होगी। असल में भाषा की भी अपनी सीमाएं हैं। जब बारीक कहना होता है तो शब्द हाथ खड़े कर देते हैं। फिर लेखक निजी अनुभव और प्रतीकों का इस्तेमाल करता है। कहानियों में जगह-जगह प्रतीकात्मकता बिखरी पड़ी है और यही प्रतीकात्मकता कहानियों की ताकत है। मानवीकरण की नाव में प्रतीकों के फूल... पाठक की अंतस चेतना को ऊपर ले आते हैं और वाचाल मन दुम दबाकर भाग जाता है। एक गहरे आत्मावलोकन से गुजर कर पाठक गहरे आत्मालोचन से गुजरता है और यही आत्म आलोचन उसकी आत्मा को संतुष्टि प्रदान करता है। 'खत' कहानी का एक वाकया देखें...

'याद'... जैसे जिंदगी के बंद कमरे में दर्द की अगरबत्ती जल रही हो। मैं बंद कमरे में हूं अकेला ..अकेला और चुप। मैं और मेरे साथ निहत्थी खामोशी। मैं और मेरे साथ मेरी उंगली पड़कर खड़ा मेरा साया, जो दिखाई नहीं देता लेकिन वह है जरूर... मैं उठकर खिड़की तक आया हूं। आसमान खाली है मेरी तरह। वक्त की खुदगर्ज चील उड़ कर जा रही है। उसकी चोंच में फड़फड़ाता लम्हा होगा! किसी जिंदा परिंदे जैसा। आसमान का चेहरा और मेरा चेहरा दोनों एक जैसे नजर आते हैं। शायद आसमान भी उदास है मेरी तरह। ऐसा लगता है वह अपनी किसी कहकशां को ढूंढ रहा है जैसे कि मैं। सुधि पाठकों से विनम्र निवेदन की कहानी पढ़ने में यदि मजा आता है तो ये कहानियां जरूर पढ़ें वरना चूक जाएंगे ....और ज्ञान प्रकाश विवेक के लिए तो दुआ ही कर सकते हैं कि ईश्वर उन्हें स्वस्थ रखें। वाणी प्रकाशन को ढेरों शुभकामनाएं एक बेहतरीन प्रकाशन के लिए ...।

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने की साइक्लोथॉन की अगुवाई, लोगों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

# शहर में नशे के खिलाफ निकाली साइकिल रैली, स्वच्छता पर जोर

## सांसदने राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में साइक्लोथॉन को किया रवाना,

- खेल रत्न हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी





रेवाड़ी। सखिलाड़ियों को सम्मानित करते राज्यसभा सांसद व विधायक व शहर में नशे के खिलाफ साइकिल रैली निकालते विधायक व युवा व साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखा रवाना करते।

खेल रत्न हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को राव तुलाराम स्टेडियम परिसर से साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, कोसली से विधायक अनिल यादव व डीसी अभिषेक मीणा के साथ मेजर ध्यान चंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और युवा शक्ति को अपनी ऊर्जा का संचार सही दिशा में करने के लिए प्रेरित किया। साइक्लोथॉन की अगुवाई विधायक लक्ष्मण सिंह ने की। इस अवसर पर राजयसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा के माध्यम से शुरू किया गया खेल उत्सव सडकों पर गुजरते हुए हर युवा व आमजन को प्रेरणा देगा और खेलों के प्रति प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की जयंती के उपलक्ष्य में खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ऐसे खिलाड़ी थे, जब वे खेलते थे तो पूरी दुनिया पूछती थी यह खिलाड़ी किस देश से है। उन्होंने कहा कि कोई भी युवा खेलों पर ध्यान देकर अगर संकल्प ले तो वह अपनी मेहनत से प्रतिभा दिखाकर मेजर ध्यानचंद जैसा दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर देश भर में एक घंटा खेल के मैदान में थीम के तहत तीन दिवसीय फिट इंडिया मिशन कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य लोगों को शारीरिक गतिविधि के प्रति जागरूक करना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

### धानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश कर रहा विकास

राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रेरणादायी नेतृत्व में युवा वर्ग ऊर्जा के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह प्रेरणा युवाओं को अपने कौशल और प्रतिभा का उपयोग कर सकने का संदेश देती है, जिससे समाज और अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। सरकार की ओर से नई खेल नीति और आधुनिक सुविधाओं से खिलाड़ियों को मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि स्वच्छता युक्त वातावरण में नशा मुक्त रेवाड़ी बनाने में सभी मिलकर आगे बढ़ें।

### स्वच्छता पर काम करें युवा

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि जिले में नशा मुक्त अभियान के तहत जहां लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया रहा है, वहीं हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छ शहरी हरियाणा अभियान में म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत लोगों को सफाई रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की अलख जगाने में स्वच्छता दूत की भूमिका जिले के युवा ही निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें न केवल अनुशासन की भावना सीखाते हैं, बल्कि हमें स्वस्थ भी रखते हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी खेल को जरूर समय देना चाहिए। कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के अंतर्गत स्पोर्टस कॉम्पलेक्स व खेल नर्सरियां आदि खोली जा रही हैं। हरियाणा में खेलों के बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं दी जा रही हैं, तभी हरियाणा के खिलाड़ी विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

### स्वच्छता पर विशेष बल

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सरकार की ओर से चलाए जा रहे पुनीत अभियान में प्रशासन सामाजिक रूप से अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। नशा मुक्त अभियान में लोगों को जागरूक करने के साथ ही पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास व्यवस्था करने सहित हाल ही में चल रहे शहरी स्वच्छता अभियान में म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी अभियान के तहत हर शख्स स्वच्छता के प्रति संजीदगी दिखाते हुए जहां खुद सफाई कर रहा है, वहीं आमजन को भी सफाई बनाए रखने का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज को नई दिशा देते हैं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी ममता, सिविल सर्जन डा.नरेंद्र दहिया व भाजपा महामंत्री हिमांशु पालीवाल सहित अनेक गणमान्य लोग व खिलाड़ी मौजूद थे।

# बारिश व बाढ़ से उत्पन्न हालात से निपटने के लिए प्रशासन अलर्टः डीसी

- जान-माल की सुरक्षा के लिए प्रशासन मुस्तैद



डीसी अभिषेक मीणा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिला प्रशासन बारिश और उससे उत्पन्न बाढ़ जैसे हालातों को गंभीरता से लेते हुए विशेष सतर्कता बरतने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सजग है। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आपदा की स्थिति में लोगों को अलर्ट किया जाएगा और जिला प्रशासन निरंतर हर हालात पर नजर रख रहा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि शहरी व ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पर बरसात में पूर्ण व्यवस्था प्रबंधन के साथ नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर आपातकालीन हालात से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम पूर्ण रूप से किए गए हैं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सकें। डीसी ने कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में पानी भरता है, तो तुरंत प्रभाव से राहत और बचाव कार्य शुरू किया जाएगा। ऐसे प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन सक्रिय रहेगा। उन्होंने बताया कि राहत शिविरों में पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाइयां और अन्य जरूरी सामग्री की व्यवस्था पहले से करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### लोगों को मिलेगी सुरक्षा

डीसी ने कहा कि बरसात के दौरान जिन क्षेत्रों में जलभराव की संभावना बढ़ती है तो वहां से लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने विभागों को पुलिस, स्वास्थ्य, राजस्व, नगर निकाय और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सकें। उन्होंने कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की समस्या या हानि न हो यह सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिला सचिवालय में बाढ़ राहत नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जिसमें 24 घंटे नियमित रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### अभय सिंह चौटाला आज नारनौल में

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला जननायक पूर्व उप्रधानमंत्री स्वः चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती 25 सितंबर को रोहतक में मनाने के लिए एक सितंबर को निमंत्रण देने नारनौल आएंगे। जिसमे मुख्तिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामपाल माजरा होंगे। जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि कार्यक्रम जैन मांगलिक भवन नजदीक तालाब बहादुर सिंह में सुबह 10 बजे होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेन्द्र कौशिक करेंगे।

## खबर संक्षेप

### श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव छह सितंबर को

नारनौल। मोहल्ला चांदुवाडा स्थित रामलीला मैदान में छह सितंबर को श्री श्याम स्वयंसेवक मंडल द्वारा श्री खाटूश्याम बाबा का 16वां भव्य श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि इस संकीर्तन में जयपुर से मशहूर भजन प्रवाहक महेश परमार व तिजारा से भजन प्रवाहक सुधांशु गौतम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। संकीर्तन महोत्सव सायंकालीन 7:15 बजे बाबा की पावन ज्योति के साथ आरंभ होगा। कोलकाता के फूलों द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहेगा तथा भक्तों को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया जाएगा।



रेवाड़ी। मेघवाल समिजि की बैठक में मौजूद समाज के लोग।

### मेघवाल समिति की बैठक में समाज के महत्वपूर्ण

रेवाड़ी। मेघवाल उत्थान समिति की ओर से रविवार को रेवाड़ी खंड के गांव धामलाका में स्थित पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामेश्वर धामलाका ने की। मंच संचालन समिति के सचिव भूपेन्द्र शेखपुर ने किया। मीटिंग में समाज के बुद्धिजीवी और प्रतिष्ठित लोग शामिल थे। इस मौके पर समाज में मेघवाल शब्द को लागू करने पर सहमति हुई। मेघवाल उत्थान समिति के संरक्षक वेदप्रकाश व अध्यक्ष सूरजभान शाहपुर ने मेघवाल उत्थान समिति के बारे में जानकारी दी। शिक्षाविद अशोक मेघवाल ने कहा कि गांवों में मेघवाल चौपाल और मेघवाल मोहल्ले के नाम से नवीनीकरण होना चाहिए। शिक्षाविद सुन्दरलाल भटेड़ियि व डा. गजराज सिंह ने बताया कि हरियाणा के पड़ोसी राज्य राजस्थान में मेघवाल शब्द को कानूनी रूप मिला हुआ है, उसी तर्ज हरियाणा में भी मेघवाल शब्द को कानूनी रूप दिया जाए। इस अवसर पर राहुल मास्टर, सुजान सिंह,रूडाराम,महेंद्र झाझरिया, कप्तान, रमेश, अरुण पंच, शीशपाल, दीनदयाल, जितेन्द्र, परवीन, देवेंद्रपाल, जगदीश चोपड़ा, सतीश नांगल तेजू, धर्मपाल, भूप सिंह बलेवा व दीपक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पार्कों और सडकों के किनारे लगाएं जाएंगे पौधे

- स्वच्छता संबंधी आदतों और पर्यावरण संरक्षण पर मॉल या बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जाएगा जागरूक
- स्वच्छता के लिए रखे जाएंगे जगह-जगह डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा।

म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी अभियान के तहत जिले के शहरी क्षेत्रों में शुद्ध वातावरण के साथ सुखद माहौल बनाया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना, कूड़ा-करकट प्रबंधन को सुदृढ़ करना, प्लास्टिक के उपयोग को कम करना तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। डीसी ने बताया कि अभियान के तहत सरकारी, निजी कार्यालयों, पर्यटन व धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की जा रही है। साथ ही सडकों, ड्रेनों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव, चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण और सड़कों पर उपयुक्त साइनेज की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने के साथ-साथ सी एंड डी अपशिष्ट डंपिंग पॉइंट, खुले क्षेत्रों और खाली भूखंडों को साफ किया जाएगा।

### बोले डीसी

डीसी ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत शहरों को बेसहारा पशुओं से मुक्त किया जाएगा। बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में स्थानांतरित किया जाएगा। सामुदायिक शौचालयों की सफाई की जाएगी। इसके अलावा, नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख त्यौहारों के अवसर पर नगर निकाय की ओर से विशेष अभियान चलाकर जनभागीदारी के साथ सड़कों, बाजार और पार्कों की साफ-सफाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हर नागरिक का कर्तव्य है, इसलिए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए प्रशासन का सहयोग करें।

### स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

डीसी ने बताया कि जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, गैर-सरकारी संस्थाओं के सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ग्रीन एवं स्वच्छ हरियाणा के तहत कॉलोनियों, बाजारों, स्कूलों, पार्कों और सडकों के किनारे पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा और पार्कों में कूड़ेदानों की व्यवस्था की जाएगी। ओपन जिम की मरम्मत व रख-रखाव भी किया जाएगा। सफाई मित्र वॉकथॉन का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहरों में विशेष तौर पर प्लास्टिक बैन के बारे जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विशेष पहल करते हुए बाजार-मंडियों में विशेष केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां नागरिक प्लास्टिक कचरा जमा करेंगे और उसके बदले उन्हें कपड़े के थैले और पौधे वितरित किए जाएंगे। साथ ही, स्वच्छता संबंधी आदतों और पर्यावरण संरक्षण विषयों पर मॉल या बाजारों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# बव्वा में 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन

- योग को जीवन में अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। समापन कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक।

जिले के गांव बव्वा में भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, पतंजलि महिला योग समिति व पतंजलि किसान सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का रविवार को हवन के साथ सामपन हो गया। स्वामी सच्चिदानंद महाराज के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समापन कार्यक्रम में पतंजलि युवा भारत के पूर्व राज्य प्रभारी प्रदीप डागर, पूर्व उप जिला प्रमुख जगफूल यादव, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट चरखी दादरी के जिला प्रभारी विकास राणा, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य, भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी दयानंद आर्य, पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी राज सिंह, पतंजलि युवा प्रभारी आनंद डागर, योग शिक्षक नरेश यादव, मास्टर अशोक आर्य, चिंटू योगी, कुलदीप आर्य, तुलाराम, राजेश, हरीश कुमार, सोमदत्त आर्य, दयानंद आर्य कोसली, योग शिक्षक सुरेश, योग शिक्षक राजेंद्र सिंह व पतंजलि योग समिति जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार सहित काफी उपस्थित थे।

### ये रहे मौजूद

स्वामी सच्चिदानंद ने युवाओं की जीवन की दिनचर्या तथा विभिन्न पहलुओं के विषय में बताया। योगाभ्यास के बाद महाराज ने हवन भी कराया, जिसमें यजमान सुरेंद्र यादव तथा उनकी धर्मपत्नी मोनिका यादव रही। युवा भारत के पूर्व राज्य प्रभारी प्रदीप डागर ने योग के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। भारत स्वाभिमान चरखी दादरी के जिला प्रभारी विकास राणा ने बताया योग से तन और मन दोनों शुद्ध होते है तथा हमें योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। समिति के जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सूरत सिंह पहलवान, चिरंजीलाल मास्टर, दीपचंद यादव, राजेश शास्त्री, चंद्रभान आदि रहे।

### मारपीट करने के छह आरोपी गिरफ्तार

**कनीना।** गांव धनौंदा में घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए शहर थाना पुलिस टीम ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपितों की पहचान धनौंदा निवासी धनसिंह, बजरंग, पवन, बौंद कलां निवासी गौरव, चिंटू व बजरंग के रूप में हुई है।

आरोपितों को कनीना स्थित एसडीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां तीन आरोपियों धनसिंह, पवन व गौरव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा तीन आरोपियों बजरंग, चिंटू व बजरंग को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनी

- सरकार का लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना : वीर कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली



रेवाड़ी। नठेड़ा गांव में मन की बात सुनते एचकेआरएन कर्मचारी।

रविवार को नठेड़ा गांव स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव के आवास पर एचकेआरएन कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। इस मौके पर वीर कुमार यादव ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं, उसी प्रकार हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी कर्मचारियों की भलाई के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों के वेतन में पांच प्रतिशत की वृद्धि उसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव पूर्व किए गए वादों को पूरा करना शुरू कर दिया है। लाड़ो लक्ष्मी योजना के तहत बेटियों को प्रतिमाह 2100 रुपये देने की घोषणा हो या एचकेआरएन कर्मचारियों को पक्का करने का वादा सरकार सबको अमल में ला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।

### दो चरणों में होगी जनगणना, पहला चरण अप्रैल 2026 व दूसरा फरवरी 2027 में होगा शुरू



डीसी अभिषेक मीणा।

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा में अगली जनगणना वर्ष 2027 में की जाएगी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 निर्धारित की गई है। जनगणना दो चरणों में की जाएगी, पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना, जो अप्रैल 2026 में शुरू होगी। जनसंख्या गणना का दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा। डीसी मीणा ने बताया कि जनगणना का मुख्य उद्देश्य बिना किसी चूक या दोहराव के जिला के सभी व्यक्तियों की गणना करना है। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 की तैयारी के लिए, 31 दिसंबर तक गांवों, कस्बों और वार्डों में क्षेत्राधिकार में हुए सभी परिवर्तनों को अद्यतन किया जाएगा, जिसके बाद एक जनवरी को प्रशासनिक सीमाएं निर्धारित कर दी जाएंगी। क्षेत्राधिकार परिवर्तनों में नए जिलों का सृजन, मौजूदा जिलों के क्षेत्राधिकार में परिवर्तन, मौजूदा जिलों की अधिसूचना का रद्दकरण, नए उप-जिलों का सृजन, मौजूदा उप-जिलों के क्षेत्राधिकार में परिवर्तन, मौजूदा उप-जिलों की अधिसूचना का रद्दकरण, मौजूदा गांव को विभाजित या विलय करके नए गांव का निर्माण, मौजूदा नगर क्षेत्र के क्षेत्राधिकार में परिवर्तन, नगर से क्षेत्रों का बहिष्करण, नए नगर के सृजन की अधिसूचना, मौजूदा नगर की अधिसूचना का रद्दकरण, प्रशासनिक इकाईयों के नाम या वर्तनी में परिवर्तन, नगर की वार्ड सीमाओं में परिवर्तनत, क्षेत्राधिकार संबंधी अन्य कोई परिवर्तन आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि इस बार शहरी विस्तार, विलय या पुनर्वर्गीकरण को ध्यान में रखा जाएगा और पहली बार जाति-आधारित आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे, जो महिला आरक्षण अधिनियम के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण होंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि एक जनवरी को प्रशासनिक सीमाएं तय की जाएंगी और उस दिन से अस्तित्व में आने वाले वैधानिक कस्बों को ही गिना जाएगा।

कबड्डी प्रतियोगिता में कन्होरी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 25000 हजार जीते

# बाबा जिंदा देव का मेला संपन्न, कबड्डी में कन्होरी विजेता

- क्षेत्र के गांव बोहका में स्थित बाबा जिंदा देव आश्रम में मेले व भंडारे का आयोजन किया गया, क्षेत्र के हजारों लोगों ने जमकर खरीदारी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंड



रेवाड़ी। बाबा जिंदा देव मेले में विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए मेला कमेटी सदस्य।

क्षेत्र के गांव बोहका में स्थित बाबा जिंदा देव आश्रम में मेले व भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों ने आश्रम में हवन करने के बाद बाबा का भंडारा शुरू किया। मेले में अनेक प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया। कबड्डी प्रतियोगिता में कन्होरी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 25000 रुपए का पुरस्कार व एक ट्रॉफी प्राप्त की, जबकि मोहल्डा की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जिसे 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया।

### विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

कबड्डी प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर और बेस्ट कैचर खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी और विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आश्रम के महंत राजेशपुरी ने सभी भक्तजनों और खेल प्रेमियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महिलाओं ने भी आश्रम में बाबा से मन्नतें भी मांगी। मेले में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ अनेक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। रस्साकस्सी में बनेटी गांव की टीम ने प्रथम व मोड़ी गांव की टीम दूसरे स्थान पर रही। बुजुर्गों की दौड़ में रामभक्त पाल्हावास प्रथम व लाल सिंह धवाना दूसरे, लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में सबीना रामपुर प्रथम व चंचल खोल दूसरे, लडकों की 800 मीटर रेस में मोहन आदमपुर प्रथम, बब्लू सेका दूसरे, लडकों की 1600 मीटर रेस में मोहन आदमपुर प्रथम, रवि भिवानी दूसरे, महिलाओं की दौड़ में रीना मोहनपुर प्रथम व मंजु बोहका दूसरे, गोला फेंक में देवेंद्र माधोगढ़ प्रथम व सुनील नंगली दूसरे, लंबी कूद में मंजीत पिलानी प्रथम व संजीत सतनाली दूसरे, ऊंची कूद में वेदप्रकाश ढोसी प्रथम व अनिल धारण दूसरे स्थान पर रहे।

## खबर संक्षेप

### तकनीकी समस्या के चलते आज दस ट्रेनें रहेंगी रद

**रेवाड़ी।** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल पर भारी वर्षा से कठुआ-माधोपुर पंजाब स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या-17 पर तकनीकी समस्या के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलसेवाएं रद रहेंगी। गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर रेलसेवा, गाड़ी संख्या 14803 भगत की कोठी-जम्मूतवी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 14804 जम्मूतवी-भगत की कोठी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 12413 अजमेर-जम्मूतवी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 12414 जम्मूतवी-अजमेर रेलसेवा, गाड़ी संख्या 19224 जम्मूतवी-साबरमती रेलसेवा, गाड़ी संख्या 19223 साबरमती-जम्मूतवी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 19108 एमसीटीएम उधमपुर-भावनगर टर्मिनस रेलसेवा तथा गाड़ी संख्या 19028 जम्मूतवी-बांद्रा टर्मिनस रेलसेवा एक सितंबर को रद रहेगी।

### जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की मौत

**रेवाड़ी।** भूलवश जहरीला पदार्थ खाने से प्राइवेट अस्पताल में एक महिला की मौत हो गई। महेंद्रगढ़ के कटकई गांव निवासी 25 वर्षीय ललिता देवी ने गलती से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पता चलने के बाद परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर लाए, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर दिया गया। परिजन उसे एक प्राइवेट अस्पताल लेकर गए, जहां उसने दम तोड़ दिया।

### निर्माणकार्य शुरू कराने के लिए दिया जाएगा दस दिन का अल्टीमेटम

# पुल निर्माण कार्य शुरू करवाने को बैठक दस को बनीपुर चौक पर महापंचायत

- कार्य शुरू नहीं होने पर सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

बनीपुर चौक पर अधर में लटके एनएचएआई फ्लाईओवर का जल्द निर्माण शुरू कराने के लिए रविवार को भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत ग्रुप ने एक मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें आसपास के गांवों के दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि एक टीम बनाकर 9 सितंबर तक आसपास के गांवों में जनसंपर्क किया जाएगा। इसके बाद 10 सितंबर को महापंचायत की जाएगी, जिसमें पुल निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा। इसके बाद भी पुल निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा। रविवार को भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत गुरप के प्रदेश महासचिव रामकिशन महलावत की अध्यक्षता में बनीपुर चौक पर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में बनीपुर, आसलवास, बावल, सुठाना, सुठानी व आसपास के गांवों के दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए रामकिशन महलावत ने कहा कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य लगभग दो साल से बंद पड़ा है। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे देश का प्रमुख राजमार्ग है, जो देश की राजधानी दिल्ली को आर्थिक राजधानी मुंबई से जोड़ता है। हजारों वाहनों का आवागमन इस मार्ग से होता है। बनीपुर चौक पर एनएचएआई ने लगभग तीन साल पहले पुल निर्माण कार्य शुरू किया था। यह पुल काफी समय पहले बन जाना था, परंतु अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है। दो साल से कार्य बंद पड़ा है। नेशनल हाइवे का सर्विस रोड बदहाल हो चुका है, जिससे बनीपुर चौक के आसपास आए दिन लंबा जाम लग जाता है। हजारों वाहन चालकों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ता है। दिल्ली व जयपुर के बीच सफर करने वाले छोटे वाहनों को दो किलोमीटर की दूरी करने में लंबा समय लग जाता है, जिससे इन वाहनों में यात्रा करने वाले महिला, बुजुर्गों व बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।





रेवाड़ी। बनीपुर फ्लाईओवर का कार्य शुरू कराने को लेकर बैठक करते हुए तथा एनएच-48 स्थित बनीपुर फ्लाईओवर के पास गड्ढों के कारण लगा जाम। फोटो :हरिभूमि

#### रविवार की बैठक में यह रहे मौजूद

इस बैठक में भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत गुरप के जिला प्रधान भजनलाल, बावल ब्लाक प्रधान महेंद्र आसलवास, अखिल भारतीय जाट महासभा के जिलाध्यक्ष अतरसिंह प्राणपुरा, रिटायर्ड थानेदार महेंद्र बनीपुर व एक्स सरपंच सुमेर सिंह बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। मीटिंग के बाद गांवों में जनसमर्थन जुटाने के लिए जल्द ही एक टीम गठित करने की रणनीति पर भी विचार किया गया, जिस पर सभी ने सहमति जताई।

#### ट्रांसपोर्टरों को शामिल करेंगे आंदोलन में

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुल निर्माण की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए एक टीम बनाकर आसपास के गांवों के लोगों का समर्थन हासिल किया जाएगा। यह टीम इलाके के ट्रांसपोर्टरों से संपर्क करते हुए उन्हें आंदोलन में शामिल होने के लिए तैयार करेगी। हाइवे पर लगने वाले जाम से सबसे ज्यादा ट्रांसपोर्टर ही प्रभावित हो रहे हैं। उनके वाहन घंटों जाम में फंसे रहते हैं। एनएचएआई की ओर से सर्विस रोड की मरम्मत तक नहीं कराई जा रही, जिससे समस्या और विकराल बनी हुई है।

#### महापंचायत में दिया जाएगा अल्टीमेटम

बैठक में निर्णय लिया गया कि पुल निर्माण का कार्य जल्द शुरू कराने के लिए 10 सितंबर बनीपुर चौक पर ही महापंचायत बुलाई जाएगी। इसमें सरकार को फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू कराने और सर्विस रोड बनवाने के लिए 10 दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा। इसके बाद भी अगर सरकार नहीं चेती, तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। सरकार पर पुल निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए पूरा दबाव बनाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की ही होगी। बैठक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## संस्था की ओर से भगवान की आराधना आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में भगवान की आराधना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. दीपक यादव पूर्व प्रधान आईएमए, डा. नीरज यादव सचिव आईएमए व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण से अर्जुन ने पूछा कि आप वृंदावन, गोकुल या द्वारिका में से कौन से स्थान पर रहते हैं। भगवान ने सहज भाव से कहा मैं प्राणी मात्र के हृदय में रहता हूं तथा जो भी जरूरतमंद की सहायता करता है मैं उससे प्रसन्न होकर उसके सभी काम पूरे करता हूं। बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश राजपाल, नेहा शर्मा रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन की प्रधान व घंटेश्वर मंदिर महादेव रामलीला के प्रधान अनुकूल शर्मा ने कहा कि भक्त मीराबाई भगवान श्री कृष्ण की आराधना करती थी। कार्यक्रम में प्रवक्ता देवेंद्र कुमार, पुलकित ग्रोवर, कपिल कपूर, पूर्वांशी, ओजस्वी व प्रीति कपूर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

#### ये हुए सम्मानित

कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उपप्रधान हेमंत ग्रोवर, कुलदीप सोनी, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल व किशोरी लाल नंदवानी को सम्मानित किया गया तथा अतिथियों को गणपति जी, शिव परिवार, हनुमान जी व राम दरबार के चित्र भेंट किए गए।

### बालधन खुर्द में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**रेवाड़ी।** जिले के गांव बालधन खुर्द स्थित बाबा जोहड़ वाले मंदिर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राकेश यादव के 41वें जन्मदिन पर आयोजित कैंप का शुभारंभ स्वामी सम्पर्णानंद महाराज आश्रम दड़ौली ने किया। मुख्य अतिथि गोरक्षक देवेंद्र यादव के पिता शीशराम ने सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र आशावादी ने कहा कि जिले में प्रत्येक गांव व शहर में गोवंश सुरक्षित व गोहत्या बंद अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए कमेटियां गठित की जाएगी। प्रधान राकेश यादव ने सभी का आभार प्रकट किया। मंच संचालन अमित यादव पूर्व जिला पार्षद ने किया। इस मौके पर बलवंत सिंह, अमर सिंह आर्य, डा. बलवान, शारदा पार्षद, कृष्ण, निशांत यादव, तुलाराम, थानेदार विद्यानंद, प्यारेलाल, अशोक, जागेदार, मोहनलाल प्रधान मन्दिर कमेटी, अशोक यादव जागेदार, अनिल आर्य, सुरेंद्र प्रधान व विपिन यादव मौजूद थे।

## परिवार का जीवन खराब कर रहा नशा, सबसे पहले युवा पीढ़ी को बचाना होगा: जितेन्द्र

- युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने रविवार को गांव शहबाजपुर खालसा, कसौली, बोलनी, बाम्बड व बैरियावास में डोर टू डोर सम्पर्क करके ग्रामीणों से गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है, सभी इसका मिलकर बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है, कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। उन्होंने गांव के नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करे। गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए नशा मुक्त टीम। फोटो :हरिभूमि



### चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशंस में खेल व फिटनेस गतिविधियां आयोजित

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन्स में खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी दीपिका और जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव के मार्गदर्शन में पीओ आईसी सरस्वती यादव, सुपरिटेंडेंट मुग्धा यादव, कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार तथा सीसीआई स्टाफ न कार्यक्रम में सहयोग दिया। बच्चों ने उत्साह के साथ रस्साकशी, 50 मीटर दौड़, रिले दौड़, बोरी दौड़, योग, क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल और रस्सी कूद जैसी गतिविधियों में भाग लिया। वरिष्ठ नागरिकों और स्टाफ ने भी योग व श्वास व्यायाम कर खेलों के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर डीसीपीओ दीपिका ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और यह आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। वीरेंद्र यादव ने बच्चों से प्रतिदिन खेलों में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे अनुशासन, धैर्य और स्वस्थ जीवनशैली विकसित होती है।

## कोऑपरेटिव बैंक के नए चेयरमैन का स्वागत

सहकारिता की योजनाओं को हर सदस्य तक पहुंचाया जाएगा: अजय पटौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कोऑपरेटिव बैंक के नवनिर्वाचित चेयरमैन अजय पटौदा का रविवार को राजेश पायलट चौक पर मजदूर यूनियन की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर मजदूर यूनियन के प्रधान अपनी टीम के साथ मौजूद थे।

मजदूर यूनियन के जिला प्रधान पुष्पाराम के नेतृत्व में उनकी टीम के सदस्य राजेश पायलट चौक पहुंचे, जहां चेयरमैन अजय पटौदा का पगड़ी पहनाकर फूल मालाओं स्वागत किया गया। इस मौके पर अजय पटौदा ने कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और कैबिनेट मंत्री आरती राव की बदौलत मिली है। इस जिम्मेदारी को वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाते हुए बैंक सदस्यों के हितों की रक्षा की दिशा में कार्य करेंगे। सहकारिता की योजनाओं को हर सदस्य तक पहुंचाया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार की ओर से सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई योजनाओं को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा। बैंक सदस्यों की समस्याओं का तुरंत समाधान कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।



रेवाड़ी। अजय पदौदा का स्वागत करते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। सेवानिवृत्त प्राचार्य डा. रविन आहूजा के साथ स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260



### प्राचार्य को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

**रेवाड़ी।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान धामलावास के प्राचार्य डा. रविन आहूजा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर डा. आहूजा की धर्मपत्नी तमन्ना आहूजा भी मौजूद रही। मनेंद्र सिंह ने डा. आहूजा का पगड़ी बांधकर और राकेश यादव ने शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। विभागाध्यक्ष रचना यादव ने बताया कि डा. आहूजा ने तकनीकी शिक्षा विभाग हरियाणा में 32 वर्ष का अमूल्य योगदान दिया और हमेशा अपनी मेहनत और लगन से सभी को प्रभावित किया। वरिष्ठ प्राध्यापक पवित्र पाल ने सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य के खुशहाल और शांतिपूर्ण जीवन की कामना की। विभागाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि डा. आहूजा ने सभी को न केवल ज्ञान दिया, बल्कि जीवन जीने का तरीका भी सिखाया। कभी हार न मानने और हमेशा आगे बढ़ने का साहस दिया। संस्थान के प्रेस प्रवक्ता राकेश यादव ने कहा कि प्राचार्य ने स्टाफ व विद्यार्थियों को जीवन के महत्वपूर्ण सबक भी दिए।

- मनेंद्र सिंह ने डा. आहूजा का पगड़ी बांधकर और राकेश यादव ने शाल ओढ़ाकर सम्मान किया

### शहर को स्वच्छ बनाने के लिए चला अभियान

## विधायक व अधिकारियों ने नागरिकों के साथ की सफाई

- सड़कों पर जमा गंदगी व मिट्टी को भी हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा स्वच्छ शहर अभियान के तहत रेवाड़ी को स्वच्छ बनाने के लिए रविवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आई लव रेवाड़ी के साथ म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम प्रतिदिन लोगों को स्वच्छ रूप दे रही है। इस मौके पर विधायक के साथ प्रशासन की ओर से डीएमसी ब्रह्मप्रकाश व अन्य अधिकारियों ने आमजन के साथ मिलकर शहर की सड़कों पर सफाई की। सड़कों पर जमा गंदगी व मिट्टी को भी हटाया गया। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने लोगो को सफाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार की ओर से हरियाणा स्वच्छ शहर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आमजन की भागीदारी आवश्यक है। विधायक ने कहा कि अभियान में सभी सामाजिक संगठन, व्यापारिक संगठन व आम नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता मुहिम में भागीदार बन रहे हैं। इस मुहिम से शहर अवश्य ही स्वच्छ शहर की सूची में शामिल होगा। उन्होंने शहर के सभी सामाजिक व व्यापारिक संगठनों से अपील की है कि वे व्यक्तिगत रुचि के साथ सफाई कार्य में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने नागरिकों से भी कहीं भी खुले में कचरा न फेंककर निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा डालने की अपील की।



रेवाड़ी। शहरी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाते विधायक व नागरिक। फोटो :हरिभूमि

#### 11 सप्ताह तक चलेगा स्वच्छता अभियान

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि रेवाड़ी शहरी क्षेत्र सहित बावल व धारूहेड़ा में निरंतर 11 सप्ताह तक सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत लोगों को सफाई बनाए रखने के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने सहित पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर पहलू पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 11 सप्ताह शहरी क्षेत्र में सफाई पर केंद्रित किया जाएगा।

### बैठक व शिविर | यादव कल्याण सभा के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक आयोजित

## विद्यार्थियों के लिए ई-लाइब्रेरी में जल्द नई यूनिट शुरू करेगी यादव सभा

कैंप में 142 मरीजों को फ्री ओपीडी सेवाएं व दवाइयां प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कैंप में 142 मरीजों को फ्री ओपीडी सेवाएं व दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में डा. तरुण यादव गुर्दा रोग विशेषज्ञ ने मेडिसन, डा. पार्थ यादव ने हड्डीरोग, डा. प्रद्युम्न यादव मूत्र रोग विशेषज्ञ ने सर्जरी, डा. गौतम यादव ने नेत्ररोग व डा. अजीत सिंह यादव ने चर्मरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान की। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने फ्री फिजियोथेरेपी सेवाएं दी। कैंप के बाद यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व महंत लाल दास मुख्य संरक्षक के सानिध्य में आयोजित की गई। जनरल सेक्रेटरी जसवंत सिंह यादव ने सभा के आय-व्यय व अन्य गतिविधियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। प्रधान रामबीर यादव ने बताया कि ई-लाइब्रेरी में 30 विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए एक नई यूनिट शुरू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा इसके लिए जल्द दाखिले शुरू कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भवन में जल्द योगा की कक्षाएं शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है।

मुख्य संरक्षक महंत लाल दास ने ऑडिटोरियम के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए और प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। सभा के उपप्रधान सुनील राव के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।



रेवाड़ी। बैठक में सभा के सदस्यों को जानकारी देते प्रधान रामबीर यादव।

#### मीटिंग में ये रहे उपस्थित

मीटिंग में प्रो आर एस यादव, बाबू जगजीत सिंह, कमांडेंट आर के यादव, डा. यशपाल यादव, डा.आईएस खैरवाल, डा. आर के यादव, पी एस यादव, बीडीओ गजराज सिंह, सभा प्रवक्ता सतीश यादव, राम अवतार, जगत सिंह, ढुलीचंद, गोकल राम, राम सिंह, विजय पाल, शमशेर सिंह व मनजीत सहित सभसी सदस्य मौजूद थे।